तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024

14 सरपंच जागरूक होगा, वहां विकास होने से कोई नहीं रोक...


12 सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात




## खबर संक्षेप

### धनवंतरी जयंती समारोह 29 को

**नवापारा-राजिम।** धनतेरस में श्री धनवंतरी जयंती समारोह 29 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे आयोजित होगा। यह आयोजन नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजेंद्र गदिया, डॉ. समर्पण गदिया द्वारा आयोजित किया जाता है। जिसमें शहर के सभी डॉक्टरों एवं गणमान्य का सम्मान होता है। डॉ. गदिया ने सभी डॉक्टरों से इस कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया है।

### वेतन विसंगति को लेकर आंदोलन

**महासमुंद।** वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, पूर्व सेवा गणना, 20 वर्ष की सेवा अवधि में पूर्ण पेंशन, केन्द्र की देय तिथि से महँगाई भत्ता की मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय निर्देश पर जिला में कार्यरत समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग सामूहिक अवकाश लेकर जिला इकाई महासमुन्द द्वारा स्थानीय लोहिया चौक में भारी संख्या में उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन किया। बाद नेहरू चौक, कचहरी चौक, बरोंडा चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचकर डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे एवं जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। जिला के कई स्कूलों में पूर्ण तालाबंदी की स्थिति रही। जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला संचालक दिनेश नायक एवं नारायण चौधरी ने किया तथा प्रदेश सह संचालक सुधीर प्रधान, आत्माराम साहू विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।

# एक इंजीनियर पर 3 जगह का प्रभार, प्रभारी के भरोसे चल रहा कार्य

## नए विकास कार्यों, मूल्यांकन एवं भुगतान का कार्य हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर पंचायत में इंजीनियर का पद तीन माह से प्रभारी इंजीनियर के भरोसे चल रहा है। नगर के जन प्रतिनिधियों ने बताया कि विगत 5 साल से नगर को प्रभारी इंजीनियर के भरोसे ही कार्य करना पड़ा है, वर्तमान में पदस्थ इंजीनियर छुरा, फिंगेश्वर और राजिम का प्रभार है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि यहां कार्य किस तरह होते होंगे और गुणवत्ता का क्या हाल होता होगा? ज्ञात हो की नगर पंचायत में निर्माण कार्य सहित सभी नए कार्यों के लिए एस्टीमेट, मरम्मत, आवास एवं नई योजना तैयार करने के लिए इंजीनियर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। लेकिन यहां विगत वर्षों से ही प्रभारी इंजीनियर के भरोसे नगर पंचायत चल रहा है। इससे नए विकास कार्यों के योजना एवं क्रियान्वयन में समस्या आ रही है। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने कहां की इस संबंध में लगातार शासन को भी पत्र व्यवहार किया गया है। लेकिन इंजीनियर के प्रतिस्थापना किया जाए लेकिन 5 साल में कुछ समय छोड़ कर हमेशा प्रभारी इंजीनियर के भरोसे ही हो रहा है जिसका विकास कार्य पर लगातार प्रभाव पड़ा है। और कार्य प्रभावित हुए हैं। साथ ही साथ चल रहे कार्यों के देखरेख मूल्यांकन एवं भुगतान का असर होता है।

### कार्य प्रभावित हो रहा

भोले शंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत लोक निर्माण विभाग ने कहा कि नगर पंचायत में विगत 5 साल से इंजीनियर का अभाव बना हुआ है। कुछ समय के लिए कुछ इंजीनियर रहे हैं। उसके पश्चात प्रभारी के भरोसे ही कार्य चल रहा है जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है और भुगतान मूल्यांकन सहित सभी कार्यों में काफी विलंब हो जाता है। उन्होंने कहा कि लगातार शासन से इंजीनियर की प्रतिस्थापन के लिए मांग की गई है।




### इंजीनियर अवकाश पर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम कहा कि नगर पंचायत में इंजीनियर का पद प्रभार फिंगेश्वर के इंजीनियर कर रहे हैं। वर्तमान में इंजीनियर मेडिकल अवकाश पर है।

## समस्या : शिकायत के बावजूद ठीक नहीं हो रही पेयजल की व्यवस्था

# नल-जल योजना ठप, नगर के लोग डेढ़ माह से पेयजल के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

खास खबर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोग पिछले एक डेढ़ माह से पेयजल के लिए तरस रहे हैं। नगर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो गई है। लेकिन इसके सुधार के तरफ न तो ग्राम पंचायत द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और न ही जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिसके चलते नगर के लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। नगरवासियों ने पेयजल व्यवस्था ठीक करने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत मैनपुर में कई बार पहुंचकर मांग कर चूके हैं। लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया आने वाले दिनों में दीपावली त्यौहार है ऐसे समय में नगर के लोगों को बूंद-बूंद पीने के पानी के लिए ⏭ शेष पेज 12 पर



### व्यवस्था में जल्द होगा सुधार

मैपुर सचिव संजय नंदाल ने बताया एक ओवर हेड टैंक का पाइप लाइन नोजल में खराबी आ गया है और दूसरा ओवर हेड टैंक के पंप और केबल वायर का तीन बार चोरी हो चूका है जिसकी शिकायत थाना में भी किया जा चूका है। सचिव संजय नंदाल ने बताया जल्द ही पेयजल व्यवस्था में सुधार किया जायेगा।



### सीईओ ने तत्काल सुधार करवाने के दिए निर्देश

पेयजल मामले की शिकायत आज फिर नगर के लोगों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी से किया तो जनपद पंचायत के सीईओ ने तत्काल ग्राम पंचायत मैनपुर के सचिव को बुलाकर दो दिनों के भीतर नल जल योजना को दुरूस्त करने और पेयजल सप्लाई ठीक करने का निर्देश दिया है।

# आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक का सिर फूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



फिगेंश्वर थाना अंतर्गत स्थानीय ग्राम छुईहा में बजरंग बाजार चौक में बुधवार रात 9 बजे दो लोगों के बीच मजकर मारपीट हुई है। जिसमें एक का सिर फुटने से लहूलुहान हो गया। पीड़ित पक्ष ने थाना फिगेंश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से काउंटर रिपोर्ट हुई है। पिताम्बर सिन्हा छुईहा ने अपने शिकायत पत्र के माध्यम से पुलिस को बताया कि बुधवार रात 9 बजे खाना खाने के बाद बजरंग चौक पर मै और अन्य 8-10 लोग ⏭ शेष पेज 12 पर


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



## खबर संक्षेप



### शाला विकास समिति सदस्यों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**राजिम।** शासकीय राम बिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सहित समिति के सदस्य गण विद्यालय के विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा किये। भवन निर्माण, शिक्षक समस्या, सहित सेजेस राजिम को भी केन्द्र सरकार की पीएम श्री योजना के अंतर्गत शामिल करवाने के लिए पहल करने का निवेदन किया। धीमी गति से चल रहे भवन निर्माण कार्य के संबंध में विधायक रोहित साहू ने स्वयं पीडब्लुडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से बात कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने विधायक को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य के लिए अगले किस्त की राशि जारी हो चुकी है अतः निर्माण कार्य जल्दी पूरा किया जाए। समिति के सदस्यों ने विधायक मद से किचन शेड, मुख्य गेट, बाउंड्री वॉल मरम्मत आदि के लिए अनुदान प्रदान करने का भी निवेदन किया। विधायक रोहित साहू ने विश्वास दिलाया कि वे इस स्कूल की ओर बहुत ध्यान देंगे और बहुत अच्छा बना देंगे अतः धैर्य के साथ इंतजार करें। इस दौरान अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सोमनाथ पटेल, सांसद प्रतिनिधि खुशी साहू, विधायक प्रतिनिधि, संजीव साहू, चन्दन बंजारे एवं साथ में राष्ट्रीय आईटी सेल के प्रभारी विवेक शर्मा आदि थे। विधायक से चर्चा के दौरान साथ में कमल सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष राजिम भी उपस्थित थे।

### पंचायत अध्यक्ष ने हैंडपंप खनन का शुभारंभ किया



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत खोखमा में हैंडपंप खनन कार्य का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पुजारी नाभोराम, सरपंच रामप्रसाद नेताम,पूर्व सरपंच रूपचंद नेताम,सचीव थान सिंह नायक, संतोष गुप्ता, अमर मांझी खेल सिंह यादव, अमर सिंह बबलू, दुर्जन यादव, कमल यादव व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सुकुलबाय में मातर महोत्सव 3 से

**महासमुंद।** सिरपुर क्षेत्र के ग्राम सुकुलबाय में दीपावली मातर महोत्सव का आयोजन 03 एवं 04 नवंबर को किया गया है। महोत्सव में कबड्डी प्रतियोगिता, सुआ नृत्य एवं राऊत नाचा कार्यक्रम होंगे।

# मौसम के बिगड़े मिजाज से धान कटाई के समय किसान हुए परेशान

## धान की फसल पर कटवा व माहू का प्रकोप, किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में कई किसानों द्वारा धान और मक्का की कटाई प्रारंभ कर दिया गया है। दो-तीन मौसम खुलने से हल्की ठंड का अहसास हो रही थी लेकिन गुरूवार को फिर एक बार मैनपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल–बदला सा नजर आ रहा है। कई ग्रामों में हल्की बारिश भी हुई है और दोपहर के बाद आसमान में काले बादल मंडरा गऐ है धान और मक्के के कटाई करने वाले किसान परेशान नजर आ रहे हैं ऐसे भी क्षेत्र में धान और मक्के के फसल में तरह तरह के बीमारियों से किसान पहले से परेशान हैं। कटवा, माहू, पेनिकाल माईट का खतरा बना हुआ है जिससे किसान पहले से परेशान हो गए है बाजार में मिलने वाली सभी प्रकार के दवाईओं का उपयोग करके थक गए है फिर भी इस रोग में काबू नहीं कर पा रहे है आलम यह है कि किसान अपने फसल को जैसे- तैसे जतन कर रहे हैं और धान की बालियां आने के बाद बिमारी फैलने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। कई किसान मंहगी दवाई का उपयोग कर रहे है तो कई किसान सामान्य दवाईयों का उपयोग कर रहे है। धान की फसल पर लगने वाला बीमारी से धान की बांलिया लाल रंग में हो जा रही है दाने के जगह बदरा में तबदिल हो रहे है पत्तीयों का झुलसना, तनों का टूटना, दानों का खाली होना फसल की उत्पादता में कमी आयेगी यह रोग नमी और गर्मी के मौसम का होना बताया जा रहा है। किसान संतोश ध्रुव, भागीरथी नागेश, तोपेन्द्र ठाकुर, दुर्गा प्रसाद, बलिराम नेताम, भानू सिन्हा, नरेन्द्र दिवान ने बताया धान की फसल में तरह- तरह के बीमारी से किसान परेशान हो गए है।

### बारिश और तूफान से कई एकड़ फसल धराशाही

मैनपुर क्षेत्र में पांच दिन पूर्व हुए आंधी- तूफान व बारिश के कारण कई एकड़ धान की खड़े फसल टूटकर गिर गए हैं जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है। साथ ही कई जगह धान की करपा भींग गए हैं ऐसे में किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टूट कर गिर चूके फसलों को जल्द से जल्द कटाई करना प्रारंभ कर दिए हैं।



### मक्का के फसलों को वन्यप्राणी पहुंचा रहे नुकसान

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के ग्रामों हजारों एकड़ में किसान मक्के की फसल लगाए हैं। और मक्के की फसल लगभग तैयार हो गए हैं। ऐसे समय में मक्के के फसल में वन्यप्राणियों द्वारा जमकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बंन्दर, भालु और जंगली सुअर मक्के के फसल को नुकसान पहुंचा रहे है जिसकी शिकायत लगातार गांव के ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों से किया जा रहे है।

## प्रदर्शन : जिले में शिक्षक संघर्ष मोर्चा का उग्र प्रदर्शन

# शिक्षकों ने मांगा महंगाई भत्ता, रैली निकाली और राज्य सरकार के खिलाफ लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

■ मांग पूरी नहीं होने पर दी अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

जिले में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर रावण भाठा मैदान में शिक्षकों का विशाल जनसैलाब उमड़ा। अपनी वेतन विसंगतियों और लंबित महंगाई भत्ते की मांगों को लेकर शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार को जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करने की चेतावनी दी। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा, गरियाबंद के नेतृत्व में गुरुवार को हजारों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रावण भाठा मैदान में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में जिला संयोजक परमेश्वर निर्मलकर, कुमेंद्र कश्यप, प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों जैसे वेतन विसंगति, लंबित महंगाई भत्ता, और पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर सामूहिक अवकाश पर गए और सरकार को कड़ा संदेश दिया। शिक्षकों ने रैली के माध्यम से भी आक्रोश व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं, तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन पर उतरने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी। इस प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य मांगों में शामिल हैं।



### जिलेभर से आए शिक्षकों ने आवाज बुलंद की

प्रदर्शन में जिलेभर से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रमुख रूप से यशवंत बघेल, पूरन साहू, भुवन यदु, अवनीश पात्र, गीता शरणागत, गिरीश शर्मा, और अन्य कई शिक्षक नेता प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करने की अपील की, ताकि भविष्य में कोई बड़ा आंदोलन न हो। धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। लेकिन शिक्षकों की चेतावनी से यह स्पष्ट है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे किसी भी बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं।

### ये हैं प्रमुख मांगें

1. सहायक शिक्षकों के वेतन में विसंगतियों को दूर कर एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए।
2. सही वेतन निर्धारण करते हुए 1.86 गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए।
3. पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए और 20 वर्षों में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए।
4. उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित आदेश के तहत पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत/समयमान का विभागीय आदेश जारी किया जाए।
5. केंद्र सरकार की तर्ज पर 3% महंगाई भत्ता और जुलाई 2019 से एरियर की राशि जीपीएफ/सीजीपीएफ में जमा की जाए।

# सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांडुका

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने अपने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संघ की तीन सूत्रीय मांग हैं कि, मध्यप्रदेश सरकार के तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2058 सहकारी समितियों के कर्मचारियों को वेतनमान व अन्य सुविधाएं का लाभ दिया जावें। प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान दिया जावें।

दूसरी मांग सेवानियम 2018 की आंशिक संसोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू किया जावे।

तीसरी मांग समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान परिधान पश्चात हुई सम्पूर्ण सुखत मान्य करते हुए, आगामी धान खरीदी नीति वर्णित 16.9 में सुखत मान्य करने का प्रवधान करते हुए धान खरीदी एवं कमीशन, खाद, बीज,उपभोक्ता फसल बीमा आदि को चार गुना बढ़ोतरी कर राशन वितरण पर 500/ किलो क्षत्ति पूर्ति 5000 रु. की जावें। उक्त मांग पत्र वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कार्यालय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी कांडे से भेंटकर सौंपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्षद्वय गोविंद मिश्रा जांजगीर चांपा, रामलाल साहू गरियाबंद, प्रदेश सलाहकार प्रमोद यादव गरियाबंद, प्रदेश कार्यालय सचिव जय सपहा रायपुर, भानू प्रताप साहू आदि पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# बीच सड़क पर मुरूम किया अनलोड हाईवे पर लगा जाम, पुलिस रही मूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम



नवापारा में गुरूवार शाम 3:30 से 4 बजे बीच सड़क पर खड़ी कर एक हाइवा ने जानबुझकर काफी देर तक जाम करा दिया। जबकि यह नेशनल हाइवे है, रायपुर-राजिम मार्ग है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाइवा के इस लापरवाह ड्राइवर ने मुरूम को सड़क के बाजू गिरा रहा था। जिससे स्कूली छात्रों को जाम का सामना करना पड़ा। हाइवा के कारण जाम का लंबा काफिला बन गया जो काफी देर तक रहा। वहीं बस स्टैंड से लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल तक सड़क के दोनों तरफ बीच सड़कों पर घंटो ट्रक, बस और दीगर गाड़ियां खड़ी रहती है जिसके कारण दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। ठीक यही हाल गंज रोड का रहता है। ट्रेफिक को सुधारने के लिए लगता है पुलिस पूरी तरह से अक्षम है। नगर में जिसकी जो मर्जी आढ़े-टेढ़े गाड़ी खड़ी कर रहे है। फुल रफ्तार में अपने वाहन दौड़ा रहे हैं। जिससे रोज दुर्घटनाएं हो रही है।

### युवा संसद प्रतियोगिता में शामिल हुए सेजेस राजिम और देवी सम्पद के बच्चे

राजिम। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद आनंद कुमार सारस्वत के निर्देश पर विभिन्न स्तरों में युवा संसद प्रतियोगिता संपन्न हुई। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता पश्चात विकासखंड स्तर पर उसके बाद जिला स्तर पर यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। संकुल राजिम के अंतर्गत आने वाले शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम के दस बच्चे एवं शासकीय देवी संपद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम के सात बच्चे निरंतर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गरियाबंद जिला स्तर पर भी अपना परचम फहराया। गरियाबंद जिला स्तर पर सेजेस राजिम से नवीन सोनी, जयेश साहू, उज्जवल बाबा, अविरल राजपूत, गुंजेश्वरी सोनकर, श्रेयांशी कश्यप, योविका साहू, सुहानी बंजारे, गीतांजलि बंजारे, मौली ठाकुर तथा देवी संपद स्कूल राजिम से चंद्रहास साहू, सिद्धार्थ चक्रधारी, निधि साहू, लता साहू, त्रिवेणी साहू, चंचल पाल, शिवांगी वर्मा आदि विद्यार्थी रायपुर संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए हैं। गरियाबंद जिले के इन सभी 48 विद्यार्थियों की टीम कौंदकेरा के व्याख्याता सतीश मालवीय के नेतृत्व में तथा व्याख्याता प्रणीति चन्द्राकर, माधव देवांगन, शिक्षक अमित साहू, सिम्मी विल्सन, ज्ञानेंद्र शर्मा आदि के साथ सम्भागीय युवा संसद प्रतियोगिता हेतु रायपुर रवाना हुए। जिले की टीम ने रायपुर संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ विपक्ष का पुरस्कार भी प्राप्त किया है।

# 10 लाख के सीसी रोड का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

विकास की दिशा में नगर के वार्ड नंबर 11 में 10 लाख की लागत से सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यदु, वार्ड पार्षद नरेश लहरें, पार्षद दीपक श्रीवास, दीपक ब्रह्म भट्ट, मुरलीधर सिन्हा, तेजराम साहू, प्रभु सिन्हा, शामिल थे।









# जनजाति नायकों के बारे में जानकारी दी



**छुरा।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक समाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान स्मृति समारोह आयोजित हुआ था। जिसमें 23 अक्टूबर को चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं महापुरुषों की प्रदर्शनी लगाया गया था। 24 अक्टूबर को जनजातीय गौरव स्मृति समारोह कार्यक्रम में रानी दुर्गावती के 500 वीं जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छतरसिंह ठाकुर जिला संरक्षक सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद, अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. चंद्रहास पटेल, मुख्य वक्ता अमरसिंग कुंजाम मैनेजर जिला सहकारी बैंक देवभोग, नीलकंठ ठाकुर प्रांतीय उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद थे। इस दौरान नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा की हम सभी के अंदर कोई न कोई गुण विद्यमान है उसे पहचान कर उस पर फोकस करना है। और आगे बढ़ाना है। वहीं अमर सिंह कुंजाम ने सभी जनजाति नायकों के बारे में जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डीपी सिंह, डीआर साहू, डॉ. सीपी सिकरवार, रागनी ठाकुर, अतिथि शिक्षक सुनीता गेहानी, हेमा साहू, तारणि ठाकुर, मधु दुबे, मदन सोनी, डिगेंद्र ध्रुव, वीरेंद्र नाग, सुभाष चंद्राकर, उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन समाजसेवी शीतल ध्रुव व चांदनी ठाकुर ने किया।

पेज 11 के शेष...

### नल-जल योजना...

तरसना पड़ रहा है। सुबह से शाम तक हेण्डपम्पो में पानी भरने वालों की भीड़ देखी जा रही है।

ग्राम पंचायत मैनपुर नगर की आबादी लगभग 8 हजार के आसपास है और पूरे नगर के लोगो को पेयजल सप्लाई करने के लिए नगर में दो ओवर हेड टैंक का निर्माण किया गया है एक ओवर हेड टैंक तालाब के किनारे और दूसरा जनपद पंचायत के पास दोनों ओवर हेड टैंक से पानी सप्लाई पूरे नगर में पाइप लाइन के माध्यम से किया जाता है और ओवर हेड टैंकों को सबमर्सिबल पंप के सहारे पानी भरा जाता है लेकिन तालाब किनारे ओवर हेड टैंक के पाइप लाइन में खराबी आने के कारण पिछले 20 दिनो से नल जल योजना बंद है तो वहीं दूसरे ओवर हेड टैंक जो जनपद पंचायत के सामने है इसमें पानी भरने के लिए जो सबमर्सिबल पम्प लगाया गया है उसका केबल वायर चोरी होने के कारण एक माह से दूसरा ओवर हेड टैंक से भी पानी सप्लाई नही हो रहा है। दोनो ओवर हेड टैंक पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है मैनपुर नगर में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ठप्प पड़ गया है कई बार नगर के लोगों ने ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचकर शिकायत कर थक चूके है लेकिन अब तक पेयजल सप्लाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया है। धनेश्वर पटेल, विरेन्द्र श्रीवास्तव, सत्तु साहू, रूदेश्वर साहू, महेश, महेश्वर, गीता बाई, बिमला, भागवती ने बताया पेयजल व्यवस्था मैनपुर में पिछले दो तीन माह से ठप्प है।

### आपसी विवाद में दो...

बैठकर गपशप कर रहे थे। इस बीच स्थानीय निवासी कन्हैया सिन्हा आया और यहां पर क्यो बैठो हो कहते हुए अश्लील गाली गलौज किया। कन्हैया सिन्हा और उसका पुत्र लक्की जागीर सिन्हा ने जान से मारने की नियत से बेदम मारपीट किया है। उनके मार से मेरा सिर फुट गया और पूरा लहूलुहान हो गया। इधर थाना प्रभारी व निरिक्षक पवन वर्मा ने कहा की डॉक्टर ने रिपोर्ट में सामान्य कहे जाने पर धारा जुड़ी है, एक्स-रे रिपोर्ट आने पर उचित कार्रवाई होगी। वहीं ब्लाक चिकित्सा अधिकारी विरेन्द्र हिरौदिया फिगेंश्वर ने कहा मुलायजा में संतुष्टि नहीं तो अन्य शासकीय चिकित्सक से दिखा सकते हैं। वहीं क्रास रिपोर्ट के प्रार्थी कन्हैया सिन्हा ने पिताम्बर सिन्हा पर ताश खेलाने का आरोप लगाया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### सीएम ने लाभान्वित किसानों को सौंपी ट्रैक्टर की चाबी

**राजिम।** कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में चैंप्स योजना के तहत गरियाबंद जिला के विकास मोटर्स राजिम जॉन डियर ट्रैक्टर के कुछ लाभान्वित किसानों को सीएम विष्णुदेव साय द्वारा कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा व वरिष्ठ अधिकारी पूरे राज्य से आए किसान बंधुओं की उपस्थिति में जॉन डियर ट्रैक्टर का चाबी सौंपा गया।

### टिन शेड निर्माण का किया भूमिपूजन



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ग्राम पंचायत पिपरहट्ठा के आश्रित गांव देवगांव स्थित सितला मंदिर परिसर में गुरुवार को टिन शेड निर्माण के लिए समस्त ग्रामीणों द्वारा भूमिपूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान के साथ भूमिपूजन का कार्य श्रद्धापूर्वक सम्पादित किया गया। इस अवसर पर रेवती तिजराम कमार (सरपंच) आंनद सिन्हा ग्राम अध्यक्ष, गंगा राम साहू, बेदलाल साहू, लालजी साहू, लोमश, बिसेलाल साहू, देवलाल कमार, निजाम साहू, कोमल साहू, श्यामलाल सिन्हा, शिव, रामेश्वर आदि लोग उपस्थित थे।

### भाजयुमो नेता ने एसपी राखेचा से मुलाकात की



**राजिम।** जिले के भाजयुमो नेता एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू ने नए एसपी निखिल अशोक राखेचा से मुलाकात कर बुके भेंट कर स्वागत किया।

### बच्चों ने किया योग



**मुड़ागांव(कोरासी)।** इन दिनों ग्रामीण अंचल में मार्निंग वाक के लिए गांव के स्कूली बच्चे सुबह सुबह निकल कर सड़क पर बैठ कर प्रणायाम योगा करते हुए नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर ग्राम द्वारतरा के बच्चे हैं जो सुबह पांच बजे उठ कर दौड़ते हैं और फिर प्रणायाम योगा करते हैं।

### लक्ष्य का राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में चयन

**महासमुंद।** जिले की एक मात्र क्रिकेट एकेडमी टर्मिनेटर के खिलाड़ी लक्ष्य चंद्राकर का स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी वर्तमान में मिनी स्टेडियम महासमुंद में संचालित है। लक्ष्य प्रतिदिन एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करता है। लक्ष्य के चयन पर टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर शबाब कुरैशी एवं कोच जमशेद रज़ा ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के समस्त खिलाड़ियों ने लक्ष्य के उज्वल भविष्य की कामना की है। लक्ष्य ईमलीभाठा निवासी संजय चंद्राकर के सुपुत्र हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

**लोकार्पण : पिपरौद में 1 करोड़ रुपए की लागत से बने 9 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण**

# सरपंच जागरूक होगा, वहां विकास होने से कोई नहीं रोक सकता : विधायक इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पिपरौद में 1 करोड़ रूपए की लागत से बने विभिन्न 9 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते हुए गुरूवार को आयोजित समारोह के बीच विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि आज का यह दिन पिपरौद के लिए बहुत ही गौरवशाली है। कहा कि आपने गांव का हित चाहने वाले, विकास करने वाली महिला सुनीता साहू को सरपंच बनाया है। यह सरपंच गांव के विकास के लिए चिंता करती है। आने वाले समय में भी इन्हें सरपंच अवश्य बनाएं ताकि गांव का विकास अवरूद्ध न हो। पिपरौद के लिए मै भी समर्पित हूं। आश्वस्त करता हूं कि यहां के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। 75 लाख रूपए के और कई कार्य स्वीकृत हुआ है जिसका काम बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। विधायक श्री साहू ने कहा कि जहां का सरपंच जागरूक रहेगा, गांव के लिए समर्पित रहेगा वहां विकास होने से कोई नहीं रोक सकता। पिपरौद के विकास के लिए विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। कहा कि कांग्रेस शासनकाल में यहां के सरपंच को काफी परेशान किया गया। इस केटेगरी में मै भी था चूंकि अपने गांव का मै भी सरपंच रहा हूं, मुझे भी सताया गया। विधायक श्री साहू ने कहा कि पंचायती राज में काम कैसे करना है सरपंच बेहतर जानता है। पिपरौद ने विधानसभा चुनाव में शानदार सपोर्ट किया है इसलिए इस गांव में नया आयाम गढ़ेंगे ताकि मॉडल और आदर्श ग्राम के रूप में इसे जाना जाएगा। ये गांव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी पूरे जिले में ख्याति प्राप्त किया हुआ है। विधायक श्री साहू दोपहर को जैसे ही पिपरौद पहुंचे वैसे ही ढोल-ढमाके के साथ सरपंच सुनीता-योगेश साहू की अगुवाई में ग्रामीणों ने शानदार स्वागत किया। मंच में पहुंचने के पहले श्री साहू मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना किया और सभी विकास कार्यों का लोकार्पण किया। स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर उदघाटन किया।

### बच्चे बनेंगे संस्कारवान : बजाज

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू हो गई है जो बच्चों को संस्कारवान बनाने का काम करेगी। छत्तीसगढ़ में नई शिक्षा नीति से बच्चे आगे बढ़ेंगे। प्रयोगशाला से लेकर पुस्तकालय व तमाम प्रकार की सुविधाएं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। श्री बजाज ने कहा कि सरकार ने इस बार समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने का समुचित व्यवस्था की है। 21 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी और अंत तक खरीदी चलता रहेगा।



### नई शिक्षा नीति से होगा परिवर्तन : चंद्रशेखर

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिक्षा के क्षेत्र में आमुलचुल परिवर्तन करते हुए बदलाव किया है। शिक्षा को संस्कार और संस्कृति से जोड़ने तथा राष्ट्र के प्रति देशप्रेम की भावना को जोड़ने पर बल दिया है। कहा कि महिला उत्थान और सशक्तिकरण भी एजेंडा में शामिल है। बच्चे अच्छे पढ़े सांस्कृतिक कार्यक्रमो और खेलकूद में भाग ले,आगे बढ़े। कहा कि शिक्षक यह ध्यान रखते हुए प्रतिभा को पहचाने और उसे उसी दिशा में आगे बढ़ने में मदद व प्रोत्साहित करे।



### भाजपा शासनकाल में पिपरौद प्रगति की ओर अग्रसर : योगेश

कार्यक्रम में मौजूद जनभागीदारी के अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि यह गांव भाजपा शासनकाल में प्रगति की ओर अग्रसर है। विधायक इंद्रकुमार की तारीफ करते हुए उन्होने कहा कि हमारे विधायक तो बिना मांगे ही हमें सब कुछ दे देता है। फिर भी आज इस समारोह के बीच स्कूल परिसर में मंच और टीन शेड के लिए 30 लाख रूपए स्वीकृत करने का अनुरोध कर रहा हूं। इस पर विधायक श्री साहू ने कहा कि यह मांग भी पूरी होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य द्वय चंद्रकला ध्रुव,खेमराज कोसले,जनपद सदस्य कमलनारायण साहू,उपसरपंच प्रेमचंद साहू,ग्राम पंचायत के सचिव लोकनाथ साहू,पंच डुगेश्वरी साहू,गीता राजवंशी,राजेंद्री निषाद,भूमिका साहू,केसर साहू,वंदना कंवर,सतरूपा साहू,नंदनी साहू,संतोषी साहू,सरस्वती साहू, टुकेश्वरी साहू, गेंदलाल साहू, मनीष यादव, गोकुल साहू, नकुल राजवंशी, नित्यानंद, बसंत राजवंशी,चेतन साहू, देवक साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, व्यासनारायण साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, मुकेश ढीढी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महिला सरपंच सुनीता-योगेश साहू, विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज का प्रतीक चिन्ह भेंट कर शॉल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बजाओ ढोल राम आएंगे और दीपावली का पड़की व सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति देते हुए सबका मन मोह लिया।

## एकता में ही शक्ति का भाव निहित : रोहित

**राजिम।** गुरुवार को श्यामनगर में किसान उत्पादक संगठन सहकारी समिति ब्लॉक कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया गया। जिसमें विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने तथा वैज्ञानिक तरीके से आधुनिक खेती करने को लेकर इस प्रकार के एफपीओ का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से किसान एक मंच पर आकर जहां उन्नत तरीके से खेती कर पाएंगे। वहीं खेती को व्यावसायिक बनाने में भी उन्हें मदद मिलेगी। किसान एकजुटता के साथ कार्य करेंगे तो समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे तथा उन्हें किसी भी कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। एकता में ही शक्ति का भाव निहित होता है इस बात को समझकर सभी को इस संगठन को आगे बढ़ाना है तथा आर्थिक उन्नति करना है। वहीं अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, विशिष्ट अतिथि जनपद कृषि सभापति जगदीश साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पाण्डुका संदीप पाण्डेय, महामंत्री प्रकाश सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत श्यामनगर दुर्गा-छन्नू साहू, राजू साहू व अन्य अतिथि उपस्थित रहे। वक्ता के रूप में श्री अवस्थी शामिल हुए तथा एफपीओ के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने एफपीओ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने को लेकर केंद्र सरकार द्वारा भारत के प्रत्येक विकासखंड में एक एफपीओ यानी किसान उत्पादक संगठन स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है। इस एफपीओ के माध्यम से किसान इस संस्था से जुड़कर अनेकों प्रकार का लाभ उठा सकते हैं,इसके लिए सर्वप्रथम किसान एक हजार रुपये देकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएंगे, जिसके बाद सरकार अपनी ओर से भी एक हजार रुपये का अंशदान देगी अतएव किसानों का शेयर स्वतः दो हजार रुपये का हो जाएगा। इसके बाद जिस प्रकार से एफपीओ आगे किसी भी प्रकार का बिजनेस कर लाभ अर्जित करेगी, किसानों की हिस्सेदारी बढ़ती जाएगी। बताया कि इस एफपीओ के माध्यम से ही अब किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक सहित अन्य जरूरी सामान बाजार मूल्य से कम दरों पर उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि किसान इसका लाभ अर्जित कर सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद पटेल, कृषलाल साहू, बालचंद साहू अध्यक्ष एफपीओ फिंगेश्वर, द्वारिका सिन्हा अध्यक्ष एफपीओ छुरा, देवकरण मरकाम अध्यक्ष एफपीओ गरियाबंद, केकती बाई अध्यक्ष एफपीओ मैनपुर, कोमल साहू, डायमंड साहू,कृषि उपसंचालक चंदन राय, डॉ. मनीष चौरसिया वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि एवं पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि विभाग, जिला सहकारी संघ के अधिकारी कर्मचारियो के अलावा बड़ी संख्या में किसान व मातृशक्तियां मौजूद थी।





**सहकारी समिति कार्यालय का विधायक एवं जिपं सदस्य ने किया शुभारंभ**

# प्रयोगशाला में सावधानी एवं बचाव विषय पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा प्रयोगशाला में सावधानी व बचाव विषय पर एक दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक लुकेश्वरी वर्मा ने समस्त प्राध्यापकों, विद्यार्थीयों के साथ कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का कार्य सभी प्रशिक्षु फार्मासिस्ट के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 59 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रयोगशाला में सावधानी व बचाव विषय पर एक दिवस जागरूकता कार्यशाला में प्रयोगशाला में सावधानी व बचाव विषय पर प्रदर्शनी का मौखिक प्रस्तुति दी गई। जिसमें टिकेंद्र कुमार साहू प्रथम पुरस्कार, सस्मिता सुनानी द्वितीय पुरस्कार, मिथलेश साहू एवं संदीप निषाद तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया गया। डॉ. अनुराग सिंह चौहान ने प्रयोगशाला में सावधानी व बचाव विषय पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को विद्यार्थियों को लैब में कैसे कार्य करना है इसके बारे में जागरूकता प्रदान किया। साथ सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट का वितरण मुख्य अतिथि के हाथों से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनन्या अग्रवाल के द्वारा किया गया। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

## कबड्डी प्रतियोगिता में नवगई ने मारी बाजी



**रसेला।** ग्राम पंचायत रूवाड के आश्रित ग्राम शुक्लापारा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच हूमन बाई नागेश, अध्यक्षता ग्राम पटेल कृष्ण कुमार ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में ग्राम प्रमुख अलाल सिंह नागेश, उदेराम नेताम, गंगा राम ठाकुर, अशोक कुमार, भुनेश्वर निषाद, दयालु राम, पतिराम सहित ग्राम के सभी प्रमुख मंच पर आसीन थे। इस आयोजन में आस-पास सहित कई गांवों के कबड्डी टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी टीम नवगई ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस तरह खुडियाडिही टीम दूसरा स्थान मिला, तृतीय स्थान रुवाड टीम और चौथा स्थान देवपरसुली ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच ने कहा कि कबड्डी भारत का प्राचीन खेल, आज भी अपनी लोकप्रियता बरकरार रखे हुए हैं। इस खेल का इतिहास हजारों साल पुराना है। कबड्डी को शारीरिक और मानसिक दोनों ही रूप से मजबूत बनाने का एक साधन माना जाता था। आज कबड्डी लीग जैसे मंचो ने इस खेल को नई ऊंचाइयां पर पहुंचा दिया है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ग्राम पटेल कृष्ण ठाकुर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल हमें स्वस्थ रखते हैं और हमारे व्यक्तित्व का विकास करते हैं। ग्राम प्रमुख अलाल सिंह नागेश ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों अपने खेल भावना का परिचय दिया और इस आयोजन को निर्वद संपन्न कराया और जीत, हार से परे रहे। सभी अतिथियों के हाथों सभी विजेता टीम पुरस्कार प्रदान किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शुक्लापारा के समस्त पारावासी का विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन दिलेश नेताम और पिताम्बर नेताम ने की।

# जिले में तेंदुए की दहशत, वन विभाग ने किया सावधान व सतर्क


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद शहर के लोग इन दिनों तेंदुए की दस्तक से सहमे हुए हैं। बीती रात तेंदुआ नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 में घूमता देखा गया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

जानकारों के मुताबिक तेंदुआ चितवा डोंगरी में कई महीनों से ठिकाना बनाया हुआ है। सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए की तस्वीरें कैद होने के बाद, वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बच्चों और बुजुर्गों को रात के समय अकेले न निकलने की सलाह दी गई है, जबकि तेंदुआ दिखने पर तुरंत जानकारी देने के लिए विभागीय हेल्पलाइन जारी की गई है।

गरियाबंद मुख्यालय एक बार फिर तेंदुए की दहशत में है। बीती रात तेंदुआ नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 में खुलेआम घूमता देखा गया और इस दौरान उसने आवारा कुत्तों का शिकार भी किया। तेंदुए की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोग भयभीत हैं। वन विभाग की टीम ने तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को रात में अकेले न निकलने की हिदायत दी गई है। डीएफओ लक्ष्मण सिंह और उनकी टीम तेंदुए की खोज के लिए ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल कर रही है, लेकिन अभी तक उसकी स्थिति का कोई ठोस पता नहीं चल पाया है। इसके बावजूद, तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए शहर में निगरानी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर, शाम ढलते ही मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है, जबकि देर रात तक स्टेडियम के आसपास जमा होने वाले लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि तेंदुए को लेकर सावधानी बरतें और उसे देखे जाने पर तुरंत सूचित करें। डीएफओ लक्ष्मण सिंह गरियाबंद ने बताया की नगर के वार्ड क्रमांक 01 में तेंदुआ घूमते हुए सीसीटीवी फुटेज में देखा गया है। इस दौरान गली में घूम रहे कुत्ते पर हमला भी किया है। नगर में तेंदुए की आमद से वन विभाग अलर्ट है, लगातार तेंदुए को ट्रेस किया जा रहा है। लोगों को शाम होने पर घर से बाहर नहीं निकलने हिदायत दी गई है। वहीं उन्होंने नगरवासी को आश्वस्त किया कि किसी को घबराने की जरूरत नहीं है वन विभाग आपके सुरक्षा के लिए दिन रात तैनात है।





**फणीकेश्वर नाथ कॉलेज में हुआ मेरा युवा भारत कार्यक्रम का आयोजन**

# माय भारत पोर्टल से युवा बनेंगे सशक्त : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ में गुरुवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के मार्गदर्शन में मेरा युवा भारत व मेरा भारत अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मांता, छत्तीसगढ़ महतारी व स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्यकीय गीत अरपा पैरी के धार व एनएस एस लक्ष्य गीत समाज के लिए का गायन कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने माय भारत बारे में जानकारी देते हुए कहा कि माय भारत पोर्टल, एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने समुदायों में लीडर और सक्रीय नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। 15 से 29 साल के युवा इस पोर्टल का लाभ उठा सकते हैं। 15 से 29 वर्ष के युवाओं के पास रोजगार,व्यापार और सरकारी कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अब कई अवसर होंगे। माय भारत पोर्टल, युवाओं को उनकी क्षमताओं को सुधारने का एक मंच प्रदान करेगा और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रीय भूमिका निभाने का एक अच्छा मौका देगा। यह एक ऐसा फोरम प्रदान करेगा जिसके माध्यम से युवा वर्ग अपने विचारों और योजनाओं को साझा कर सकेंगे, जिससे राष्ट्र को सिक्योर दिशा में ले जाने में मदद मिलेगी।युवा नागरिकों के पास विभिन्न क्षेत्रों में अप्लाई करने का ऑप्शन है, जैसे कि प्रोफेशनल डेवलपमेंट, शिक्षा, आर्ट, लिटरेचर और सोशल सर्विसेज। सभी एजुकेशनल लेवल्स के युवा छात्र-छात्राएं, इस पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं। वे राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में भाग ले सकते हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित दलनायक पुरुषोत्तम यादव, दलनायिका दुर्गा साहू, नीतू साहू दिवा संगठक टोमेश्वरी व यश कुमार धुव्र, धनेश्वरी साहू ज्ञापन संगठक सोहद्रा सिन्हा, रेवती रमण, मीडिया प्रभारी हेमशरण नेताम व जीवराज, सांस्कृतिक प्रभारी फनेश्वरी, लोकेश्वरी साहू, टोमिन साहू, खुशबू, डिगेश्वरी, सिद्धी, शीतल सिन्हा, ,आर्यन, मोनिका साहू, पायल साहू, भूमिका साहू, नोमेश्वरी साहू आदि सहित 74 स्वयंसेवक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411